कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक- 03.11.2024

विषय:- ट्रैक्टर-ट्राली चोरी की घटना का 24 घण्टे के अन्दर सफल अनावरण, वांछित अभियुक्त सुनील कुमार गुप्ता चुराई गयी ट्राली व घटना में प्रयुक्त ट्रैक्टर समेत गिरफ्तार।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी के धोखाधड़ी/चोरी/लूट/नकबजनी की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन में, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के नेतृत्व में थाना सारनाथ पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0- 498/2024 धारा 303(2) बी0एन0एस0 व बढोत्तरी धारा 317(2),317(5) बी0एन0एस0 थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी से संबंधित वांछित अभियुक्त सुनील कुमार गुप्ता पुत्र दुलारे शाव निवासी भरारी कला थाना चांद भभुआ बिहार तथा हाल पता गोपाल यादव पुत्र स्व0 होरी लाल यादव निवासी नक्खी घाट थाना सारनाथ वाराणसी को आज दिनांक- 03.11.2024 को समय करीब 14.00 बजे कोनिया घाट पुल के पास से एक अदद ट्रैक्टर व ट्राली के साथ गिरफ्तार किया गया ।उक्त गिरफ्तारी/बरादमगी के सम्बन्ध में थाना सारनाथ पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण-

दिनांक 02.11.24 को वादी मुकदमा श्री दिलीप कुमार यादव निवासी टड़िया चकबिही थाना सारनाथ वाराणसी द्वारा लिखित प्रार्थना पत्र दिया गया कि हमारी गिट्टी व बालू की दुकान है जहाँ ट्रैक्टर व ट्राली खड़ी रहती थी, दिनांक 01.11.24 को भोर में करीब 3 बजे हमारी हाइड्रोलिक ट्राली चोरी हो गयी है जिसके आधार पर थाना सारनाथ में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर विवेचना उ.नि जमुना प्रसाद तिवारी द्वारा सम्पादित की जा रही है।

पूछताछ का विवरण-

पूछताछ करने पर अभियुक्त सुनील कुमार गुप्ता ने बताया कि मेरे एक साथी ने बताया था कि टड़िया चकबिही मे सुप्रभात विल्डिंग मटेरियल के पास ट्रैक्टर की एक ट्राली खड़ी रहती हैं, रात्रि मे उठा लिया जाये तो अच्छ पैसा मिल सकता हैं, जिसको हम बलुआ चन्दौली मे बेच देगे। दिनांक 1.11.24 को मै अपने 02 अन्य साथियों के साथ मिलकर रात्रि में ट्राली को अपने ट्रैक्टर के इंजन मे लगाकर चोरी करके बहादुरपुर मे खड़ी कर दिया था आज हम लोग एक साथ मे बेचने के लिए बलुआ चन्दौली जा रहे थे कि आप ने मुझ पकड़ लिया हमारे 02 अन्य साथी आगे निकल गये हैं।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-

सुनील कुमार गुप्ता पुत्र दुलारे शाव निवासी भरारी कला थाना चांद भभुआ बिहार तथा हाल पता गोपाल यादव पुत्र स्व0 होरी लाल यादव निवासी नक्खी घाट थाना सारनाथ वाराणसी उम्र करीब 25 वर्ष।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय-

कोनिया घाट पुल के पास से, दिनांक-03.11.24 को समय करीब 14.00 बजे ।

बरामदगी का विवरण-

1. चोरी की एक अदद हाइड्रोलिक ट्राली रंग नीला।
2. एक अदद ट्रैक्टर पावर ट्रैक यूरो रंग नीला बिना नम्बर प्लेट, चेचिस नं0 TQ536234Q7G1 व इंजन नं0 E37Q3744।

आपराधिक इतिहास-

मु0अ0सं0- 498/2024 धारा 303(2) बी.एन.एस. व बढोत्तरी धारा 317(2)/317(5) बी.एन.एस. थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी ।

गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. उ.नि. जमुना प्रसाद तिवारी थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी ।
2. हे.का. दिलीप यादव थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी ।
3. हे.का. विनय मिश्रा थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी ।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।